2607
27.11.25

# बिहार सरकार
# बिहार कौशल विकास मिशन
## श्रम संसाधन विभाग।

## आदेश

बिहार सरकार के बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा महत्वाकांक्षी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम Domain Skilling योजना संचालित है जिसके अन्तर्गत RFP-BSDM/Domain (RFP)–165/2023 Date:-13.10.2023 के अन्तर्गत चयनित संस्था M/S Aerosoft Healthcare Private Limited को बिहार में प्रशिक्षण केंद्रों के संचालन की अनुमति "Letter of Award" (LOA) संख्या–BSDM/Domain (RFP)-165/2023-146 दिनांक–19.01.2024 एवं एकरारनामा दिनांक–13 फरवरी 2024 के माध्यम से किया गया।

M/s Aerosoft Healthcare Private Limited के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के क्रम में अनियमितता पाई गई। तदालोक में केंद्र से स्पष्टीकरण पूछा गया। तत्पश्चात आपके द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब प्राप्त हुआ, जो असंतोषप्रद था।

बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा केन्द्रों में प्रशिक्षणार्थियों की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के क्रम में पाई गई अनियमितता के कारण M/s Aerosoft Healthcare Private Limited से पुनः स्पष्टीकरण पूछा गया कि क्यों नहीं उनको आवंटित "Letter of Award" एवं एकरारनामा को तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए अन्य विधि सम्मत कार्रवाई किया जाये।

M/s Aerosoft Healthcare Private Limited के द्वारा पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण का जवाब दिया गया। बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा इस स्पष्टीकरण को संतोषप्रद नहीं पाया गया। जॉचोपरान्त यह स्पष्ट है कि प्रशिक्षणार्थियों की फर्जी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कर भुगतान प्राप्त करने हेतु M/s Aerosoft Healthcare Private Limited के द्वारा धोखाधड़ी की गई।

अतः समीक्षोपरान्त M/s Aerosoft Healthcare Private Limited को बिहार कौशल विकास मिशन से धोखाधड़ी करने के कारण Domain योजना के तहत दिये गये LOA एवं एकरारनामा को तत्काल प्रभाव से रद्द किया गया (संख्या–EBSDM/Domain-17/2025-1136 दिनांक–02.06.2025) तथा पुनः स्पष्टीकरण पूछा गया कि क्यों नहीं उन्हें अगले दो वर्ष के लिए काली सूची में डालते हुए बिहार कौशल विकास मिशन के किसी भी कार्यक्रम में शामिल होने से वंचित कर दिया जाये।

M/s Aerosoft Healthcare Private Limited के द्वारा दिनांक–19.09.2025 को पत्र के माध्यम से स्पष्टीकरण समर्पित किया गया जिसमें अनेक बिन्दुओं का जिक्र किया गया लेकिन फर्जी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने पर संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया।

अतः समीक्षोपरान्त M/s Aerosoft Healthcare Private Limited को बिहार कौशल विकास मिशन से धोखाधड़ी करने के कारण अगले दो वर्ष के लिए काली सूची में दर्ज किया जाता है।

उपरोक्त आदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

27.11.25

मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन।

ज्ञापांक–BSDM/ Domain-108/2025 2607 पटना, दिनांक– 27.11.25

प्रतिलिपि– M/S Aerosoft Healthcare Private Limited, At- Kokar, Durgapuri, P.S- Sadar, District- Ranchi(Jharkhand) को सूचनार्थ प्रेषित।

2. TBA & Co. FMAS Cons (BSDM) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. Project Director, E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. मिशन प्रबंधक (वित एवं लेखा)/मिशन प्रबंधक (परियोजना) को सूचनार्थ प्रेषित।
5. ~~अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार कौशल विकास मिशन को सादर सूचनार्थ प्रेषित।~~
6. सचिव, श्रम संसाधन विभाग के आप्त सचिव को सादर सूचनार्थ।

27.11.25

मिशन निदेशक
बिहार कौशल विकास मिशन।